# मध्य प्रदेश की नई अंतर-राज्यीय हवाई सेवा

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में **मध्य प्रदेश** के मुख्यमंत्री ने भोपाल से जबलपुर तक पहली उड़ान को हरी झंडी दिखाकर **'पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा'** नाम से अंतर-राज्यीय हवाई सेवा का शुभारंभ किया।

## मुख्य बिंदु:

- मध्य प्रदेश के **भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, रीवा, खजुराहो और सिंगरौली** शहर जल्द ही **हवाई यात्रा से जुड़ जाएंगे।**
- अधिकारियों के अनुसार, हवाई संपर्क बढ़ाने के लिये **30 दिनों की अवधि के लिये किराए में 50% की छूट दी जाएगी।**
- **मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड (MPTB)** हवाई सेवा का प्रबंधन करेगा। यह सेवा मेसर्स जेट सर्व एविएशन प्राइवेट लिमिटेड (Flyola) के साथ **सार्वजनिक निजी भागीदारी (PPP)** के माध्यम से संचालित की जा रही है।

## सार्वजनिक-निजी भागीदारी (Public-Private Partnership- PPP) मॉडल

- यह सार्वजनिक संपत्ति और/या सार्वजनिक सेवाओं के प्रावधान के लिये **सरकार एवं निजी क्षेत्र के मध्य एक व्यवस्था** है। सार्वजनिक-निजी भागीदारी बड़े पैमाने पर सरकारी परियोजनाओं, जैसे सड़कों, पुलों, या अस्पतालों को **निजी वित्तपोषण के साथ पूरा करने** की अनुमति देती है।
- इस प्रकार की साझेदारी में,निजी क्षेत्र की संस्था द्वारा एक **निर्दिष्ट अवधि के लिये निवेश** किया जाता है।
- ये साझेदारियाँ तब अच्छी तरह से कार्य करती हैं जब **निजी क्षेत्र की प्रौद्योगिकी और नवाचार को समय पर और बजट के भीतर कार्य पूरा करने हेतु सार्वजनिक क्षेत्र के प्रोत्साहनों** के साथ जोड़ा जाता है।
- चूँकि PPP मॉडल में सेवाएँ प्रदान करने के लिये **सरकार द्वारा ज़िम्मेदारी का पूर्ण प्रतिधारण** शामिल है, यह निजीकरण की प्रक्रिया नहीं है।
- इसमें निजी और सार्वजनिक इकाई के मध्य **जोखिम का एक सुव्यवस्थित तरीके से आवंटन** होता है।
- निजी इकाई को **खुली प्रतिस्पर्द्धी बोली के आधार** पर चुना जाता है और वह प्रदर्शन आधारित भुगतान प्राप्त करती है।
- PPP मार्ग उन विकासशील देशों में एक विकल्प हो सकता है, जहाँ सरकारों को **महत्त्वपूर्ण परियोजनाओं के लिये ऋण लेने में विभिन्न बाधाओं का सामना** करना पड़ता है।
- यह बड़ी परियोजनाओं की **योजना बनाने या उन्हें क्रियान्वित करने में आवश्यक विशेषज्ञता** भी प्रदान कर सकता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/madhya-pradesh-s-new-intra-state-air-service